हाथों में ले लो निशान | By Uma Lahiri |

हाथों में ले लो निशान
श्याम धणी का जप लो रे नाम
चलो रे चलो रे चलो रे
चलो खाटू के धाम
हाथों में ले लो निशान
श्याम धणी का जप लो रे नाम

मस्ती में नाचकर झूम झूम
कश्ती को पार कर ले
तन मन निसार कर बेकरार
नज़रें तू चार कर ले
भंडारे भर देगा श्याम
वारे न्यारे कर देगा श्याम
चलो रे चलो रे चलो रे
चलो खाटू के धाम
हाथों में ले लो निशान
श्याम धणी का जप लो रे नाम

बंसी बजाए सबको नचाए
दानी दयालु है श्याम
हारे का साथी हर पल है साथ
कहो श्याम श्याम जय श्याम
ऊँची तू भर ले उड़ान
साँवरिया सब रखेंगे ध्यान
चलो रे चलो रे चलो रे
चलो खाटू के धाम
हाथों में ले लो निशान
श्याम धणी का जप लो रे नाम

फूलों के हार का है श्रृंगार
नैना भी राम महके
दिल झूम झूम कर घूम घूम
मन मोर आज चहके
जीवन को ना दे विराम
जपले जपले बाबा का नाम
चलो रे चलो रे चलो रे
चलो खाटू के धाम
हाथों में ले लो निशान
श्याम धणी का जप लो रे नाम

चरणों की छाँव में बैठ बैठ
श्री श्याम ध्यान धरले
हाथों में डोर इसकी तो छोड़
ये दुखड़े सभी ये हरले
मैं लहरी पगला हूँ श्याम
नाम तेरा बस लेना है काम
चलो रे चलो रे चलो रे

चलो खाटू के धाम
हाथों में ले लो निशान
श्याम धणी का जप लो रे नाम

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%a5%e0%a5%8b%e0%a4%82-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%b2%e0%a5%8b-%e0%a4%a8%e0%a4%bf%e0%a4%b6%e0%a4%be%e0%a4%a8-by-uma-lahiri/